# अग्निवीर योजना के विरोध को लेकर रेलवे हाईअलर्ट

## स्टेशनों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद, आरपीएफ व जीआरपी के जवान रहे मुस्तैद








### दिल्ली जाने वाली ट्रेनों की बढ़ी चौकसी

**कटनी।** अग्निवीर योजना को लेकर देश भर में बढ़ते विरोध और आज छात्र संगठनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद का असर शहर में देखने को तो नहीं मिला। इसके बावजूद रेलवे में चौकसी बढ़ा दी गई है। खासकर कटनी होकर दिल्ली जाने वाली ट्रेनों की निगरानी व उनकी जांच की जा रही है कि कहीं यहां से तो आंदोलन में भाग लेने छात्र दिल्ली नहीं जा रहे हैं।

कल रविवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित आला पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल, जीआरपी व आरपीएफ के साथ शहर के तीनों रेलवे स्टेशनों क्रमशः कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उधर रेलवे ने रेल यात्रियों की यात्रा सुरक्षित हो और स्टेशन परिसर में किसी भी तरह की अनहोनी को टालने, आन्दोलनकारियों से निपटने का सख्त संदेश देने के लिए रेलवे स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवान तैनात रहने के निर्देश दिए हैं।

किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाने वालों से निपटने के लिए रेल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। रेल परिसर एवं गाड़ियों में रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। यात्री रेल परिसर में पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी सुरक्षा के लिए रेल प्रशासन की टीम, जीआरपी के जवान रात दिन ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। रेल प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जबलपुर के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर एसिस्टेंट कमांडेंट, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित रेल सुरक्षा बल के जवानों ने कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशन का पूरे दल बल के साथ एहतियात बरतते हुए रूट मार्च किया गया।

### ट्रेनें रद्द, बीच में फंसे यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनें शुरू

अग्निपथ योजना के विरोध में चल रहे अन्दोलन के चलते रेलवे ने दिल्ली जाने वाली व कटनी होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है। जिसकी वजह से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो कई यात्री ट्रेनें रद्द होने से बीच रास्ते में फंस गए हैं। बीच रास्ते में फंसे यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा कटनी होकर पांच स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। जिसमें गाड़ी संख्या 07609 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-पूर्णा स्पेशल, गाड़ी संख्या 02296 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-केएसआर बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 02742 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-वास्को डिगामा स्पेशल ट्रेन व गाड़ी संख्या 01034 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-पूना स्पेशल ट्रेन बीती 19 जून की रात अलग-अलग समय पर रवाना हुई और आज सुबह सतना, कटनी, जबलपुर होते हुए आगें के लिए रवाना हुईं। वहीं गाड़ी संख्या 02792 पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन आज 20 जून सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से सुबह 06:00 बजे प्रस्थान कर सतना 13:00 बजे, कटनी 14:20 बजे, जबलपुर 15:40 बजे एवं इटारसी 19:00 बजे और दूसरे दिन 11:30 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी वाराणसी, ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, सेवाग्राम, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, रामागुंडम एवं काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

### रेलवे की अपील

रेलवे की संपत्ति, राष्ट्र की संपत्ति है। इसकी सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय रेल जनता से यह अपील करती है कि रेल संपत्ति की सुरक्षा करने में हमारी मदद करें। इस मुहिम मे रेल प्रशासन का सहयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें, अफवाहें फैलाने से स्वयं बचें तथा अफवाह फैलाने वालों के बारे में रेल प्रशासन को तुरन्त सूचित करें।

## पुलिस की कोमिंग गश्त में ताबड़तोड़ कार्रवाई

**55 वारंटी गिरफ्तार, 5 हथियार सहित गिरफ्तार, 35 गुंडा बदमाशों की हुई जांच, शराब भी की गई जप्त**

**कटनी। पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने पुलिस के द्वारा गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके लिए पुलिस के द्वारा कोमिंग गश्त भी की जा रही है। बीतीरात पुलिस ने कोमिंग गश्त की। इस दौरान अपराधियों, अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि कोमिंग गश्त में 55 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट तामील हुए हैं। गश्त के दौरान 5 आरोपियों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। 35 गुंडा व निगरानी बदमाशों की भी जांच की गई है। 11 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित 34(2) की कार्रवाई की गई है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि नईबस्ती निवासी नन्हा उर्फ संतोष नाई, बैलटघाट निवासी अंकुश गोस्वामी व राजकुमार यादव जो फरार थे, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा खिरहनी फाटक निवासी जय उर्फ जग्गा व सुमित निषाद, एनकेजे निवासी किशन निषाद, सुमित निषाद सहित एक अन्य पर 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पड़ा महंगा

कोमिंग गश्त के दौरान फारेस्टर प्लेग्राउंड, वीआइपी मार्ग में शराब पीते पाए जाने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के मुताबिक कुठला निवासी महेंद्र पटेल, सिविल लाइन निवासी सुमित यादव, खिरहनी फाटक सुनील गोस्वामी, पुरैनी निवासी रोहित साहू और बड़वारा थाना अंतर्गत सल्हना निवासी मिथलेश कुमार को शराब पीते पाए जाने पर कार्रवाई की गई है।

### हाईवे पर टली बड़ी दुर्घटना



मॉडल रोड पर माधवनगर गेट के सामने स्ट्रीट लाइट का विद्युत पोल कल रविवार की देरशाम तेज आंधी तूफान में टूट कर गिर गया। यह तो गनीमत रही कि उस समय कोई गुजरा नहीं तो ऊपर विद्युत पोल गिरने से जान भी जा सकती थी। बहरहाल विद्युत पोल गिरने से मॉडल रोड पर एक तरफ आवागमन अवरूद्ध रहा।

### करंट लगने से भैंस की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पड़खुरी में ट्रांसफार्मर के समीप एक मवेशी की करंट लगने से मौत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बहुत कम ऊंचाई से तार खींचे गए हैं, जिससे आए दिन करंट लगने की आशंका बनी रहती है। रविवार को एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई है।

## ठगी का शिकार होते बचा किराना कारोबारी

**कटनी।** जिले में ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ठगी करने वाले अब लोगों से ठगी करने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ठगी करने वाले शातिर बदमाश अब लोगों से सामग्री बुक कराते हैं और फिर रुपये देने के नाम पर ठगी करते हैं। रविवार को कोतवाली के झंडाबाजार क्षेत्र का एक व्यापारी ठगी का शिकार होते बचा। व्यापारी श्री डेंगरे को एक नंबर से फोन कॉले आया और उसने कहा कि वह एसएसपी ऑफिस से बोल रहा है, पूरा किराने का सामान पैक करके भेजो। फोन दिल्ली, गाजियाबाद से आ रहे थे। इस पर व्यापारी ने सूझबूझ का परिचय दिया और कोतवाली थाना पहुंचकर उपनिरीक्षक धनंजय पांडेय को बात बताई। जब एसआई ने बात की तब भी वह कह रहा था कि सामान एनकेजे पुलिस लाइन पहुंचवाओ। पुलिस ने जांच के लिए डेंगरे से आवेदन देने के लिए कहा व साइबर को फोन नंबरों की जानकारी भेजी है।

## यातायात नियमों का पालन करने जागरुकता अभियान



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस ने यातायात जागरुकता अभियान चलाया। शहर के अलग-अलग स्थानों पर यातायात नियमों की जानकारी आमजन को दी गई। यातायत के नियमो के प्रति जागरुक करने रैली निकालकर संदेश दिया। यातयात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे ने बताया कि इस दौरान दो पाहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, लाइसेंस, वाहन के दस्तावेज रखने, नियम के अनुसार वाहन चलाने की समझाइश दी गई। कार चालक सहित अन्य वाहन चालकों को भी समझाइश दी गई।


### प्लॉट बिकाऊ हैं

यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।

संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382


### धान के पैरे के नीचे से 60 लीटर शराब बरामद

#### ग्राम घुघरा में बिलहरी चौकी पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी चौकी पुलिस ने घुघरा में दबिश देकर बड़ी मात्रा में शराब जप्त की है। बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र में पोलिंग बूथ चेकिंग के दौरान कार्रवाई की है। मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम घुघरा में एक व्यक्ति अपने घर की बाड़ी के पीछे धान के पैरा में अवैध रूप से प्लास्टिक के गुंबा में देशी कच्ची शराब छिपाकर रखा हुआ है, बेचने की फिराक में है, यदि तत्काल रेड कार्यवाही की जाए तो बड़ी मात्रा में उक्त अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है। तत्काल पुलिस द्वारा आरोपी ग्राम घुघरा निवासी 45 वर्षीय फूलचंद कोल के कब्जे से आरोपी की बाड़ी में धान के पैरा में छुपी हुई चार गुम्मा 60 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब जप्त की। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक के.के.पटेल, सहायक उपनिरीक्षक रोहणी प्रसाद चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक रमाकांत तिवारी, आरक्षक विकास कुमार, सौरभ जैन की भूमिका रही।


### कार्यालय शास. माध्य. शाला भटगवां दिनांक 20.06.2022

**नीलामी की सूचना**

शासकीय माध्य. एवं प्राथ. शाला भटगवां में लगी जमीन करीब 5 एकड़ की नीलामी दिनांक 26.06.2022 को समय सुबह 11 बजे से 2 बजे तक प्राथ. एवं माध्य. शाला प्रांगण में नीलामी की बोली लगाई जा सकती है। जिसकी शर्तें निम्नानसार हैं। 1. नीलामी का समय 26.06.2022 से 30.06.2023 तक के लिए मान्य होगी, इसके बाद स्वमेव समाप्त मानी जायेगी। 2. बोली की नीलामी राशि बोली खत्म होने के तुरंत जमा करनी होगी। 3. बोली की रकम जमा न कर पाने पर या असमर्थता जाहिर कर पाने की स्थिति में दूसरे नंबर पर रहने वाले किसान को दे दी जायेगी। 4. यह भूमि 1 नाम से दो ही बार तक ही बोली बोली जा सकती है, तीसरी बार के लिए दूसरे नाम से बोली बोलनी होगी। 5. बोली बोलने वाले को पहले 500/- रूपये जमानत राशि जमा करना अनिवार्य है। 6. नीलामी का अधिकार एवं नियम शर्तें शाला प्रबंधन समिति भटगवां अध्यक्ष-सचिव के पास होगा।

रतन सिंह- अध्यक्ष | नागेन्द्र सिंह-सचिव

KINETIC GREEN

**कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम**

पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चो से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी

फायदा ही फायदा

वजन में हल्की होने से सभी आयु वर्ग के लिए उत्तम

ZOOM ELECTRIC
ZING ELECTRIC
Perfomance 100 Km/Charge
Charging Time 3 hours No licence
No registration



अधिकृत विक्रेता

**कार्तिक मोटर्स**

सफर करने की अपनी स्वतंत्रता

संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177

**चुनाव प्रचार सामग्री**

- फ्लैक्स बैनर
- विजिटिंग कार्ड
- पोस्टर, स्टीकर
- टी-कैप, टोपी
- पम्फलेट
- झण्डा, पटका
- बैलेट पेपर नमूना
- लड़ी झालर
- बाईक झण्डा, स्टीकर
- बिल्ला, वोटर पर्ची

नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत, जिला पंचायत एवं सभी राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारो की चुनाव प्रचार सामग्री तैयार की जाती है।

**कृष्णा ट्रेडर्स**

सुभाष चौक, कटनी (मध्य प्रदेश)

Mob. 9981670040, 9009670040, 8630484538, 6202109401

**जायसवाल इंटरप्राईजेस**

**चुनाव प्रचार सामग्री**

झंडा ➔ मफलर ➔ टोपी ➔ बिल्ले टी-शर्ट ➔ पेपर लडी ➔ बाईक झंडा ➔ डमी ई.वी.एम.

Mob. 9098263208,7000281913

पता- कचहरी चौराहा, MGM Hospital के पास, कटनी

**PRE. REGISTRATION**
**साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN

Facilities
- Luxury Rooms
- Banquet Hall
- Conference Hall
- Free Wifi
- Cinema
- Restaurant
- Bar
- Car Parking



City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501

Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# जोर पकड़ रहा चुनाव प्रचार,प्रत्याशियों की घर-घर दस्तक

## प्रदेश अध्यक्ष ने ली सेक्टरप्रभारी तथा सभी नगर परिषदों के प्रत्याशियों की बैठक



**कटनी।** कटनी में राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेजी पकड़ने लगा है कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड वार्ड दस्तक दे रहीं हैं तो भारतीय जनता पार्टी की कमान वरिष्ठ नेताओं ने संभाल ली है। गत दिवस भाजपा प्रत्याशी ज्योति दीक्षित ने धार्मिक स्थानों में दस्तक दी। श्रद्धा और आस्था के केंद्र बाबा माधवशाह दरबार मे कल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, खादीग्रामोद्योग के अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीताम्बर टोपनानी के साथ सद्गुरुबाबा ईश्वर के दरबार पहुंच कर हाजिरी लगाई तथा सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह जी से आशीर्वाद लिया। अपने जनसम्पर्क के दौरान महापौर प्रत्याशी माधवनगर के प्रतिष्ठित लोगों के घर पहुंचीं तथा उनका आशीर्वाद लिया।

### कटनी शहर के सेक्टर प्रभारियों सहित तीनों नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही के पार्षद प्रत्याशियों को दिया मार्गदर्शन

उधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्षविष्णु दत्त शर्मा कल देर रात प्रवास पर कटनी पहुंचे तथा पहुंचते ही निकाय चुनाव हेतु जुटते हुए देर रात ही कटनी नगर निगम के सभी पार्षद प्रत्याशियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें प्रेरक मार्गदर्शन दिया। इसके बाद सुबह श्री शर्मा ने नगर निगम के 9 सेक्टर प्रभारियों की बैठक ली। कटनी जिले की विजयराघवगढ़, बरही तथा कैमोर नगर परिषद के पार्षद प्रत्याशीगणों से मुलाकात की। उन्होंने एक-एक प्रत्याशी से परिचय प्राप्त किया। श्री शर्मा के साथ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र लिटेरिया, जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, महापौर प्रत्याशी श्रीमति ज्योति दीक्षित, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, रामचन्द्र तिवारी, चमनलाल आनंद सहित भाजपा के वरिष्ठ जन उपस्थित थे। बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रत्याशी कोई व्यक्ति नही, कमल का फूल ही प्रत्याशी होता है ,और कार्यकर्ता का श्रम उसका परिश्रम और उसकी कुशल रणनीति हमें चुनाव जिताती है। बूथ समिति चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका मैं होती हैं हम सबको एकजुटता के साथ

## कांग्रेस प्रत्याशी पहुंच रहे वार्ड



उधर कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी श्रेहा खण्डेलवाल ने कल विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया। इस दौरान वरिष्ट तथा कनिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ उन्होंने वार्ड वार्ड पहुंच कर आशीर्वाद मांगा। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ चल रहे नेताओं ने कहा कि कटनी के विकास के लिए कांग्रेस ही विकल्प है। उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन जिला ग्रामीण गुमान सिंह,पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर प्रथम महापौर विजेंद्र मिश्रा,जिला शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रम खम्परिया,प्रदेश महासचिव हरिशंकर शुक्ला, रामनरेश त्रिपाठी,इंटक अध्यक्ष बी एम तिवारी,बार कौंसिल अध्यक्ष अमित शुक्ला,पूर्व महापौर राजकुमारी जैन,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष माधुरी जैन, दिव्यांश अंशु मिश्रा, रजनी सोनी, मीनाक्षी वलवी, सुमन सैनी, सुमन रजक,अर्चना जयसवाल, माया चौधरी, मंजू निषाद, हेमा शर्मा मुमताज बानो, रूपा पाठक, निशा मिश्रा,अदिता वर्मा, रुक्मणी पांडेय, सावित्री चौधरी, राजकिशोर यादव ,रौनक खंडेलवाल, सुजीत द्विवेदी, संजय खरे पंकज गौतम,विवेक गोल्डन पांडेय आदि मौजूद थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने पुलिस का फ्लैग मार्च



पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन आदेश अनुसार उमरियापान थाना क्षेत्र में एसडीएम नदीमा शिरी व एएसडीओपी मोनिका तिवारी के साथ उमरियापान थाना प्रभारी सेल्वाराज पिल्लई ने पुलिस बल के साथ शांतिपूर्ण निर्भीक होकर तथा बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा ग्राम परसेल, गनियारी, घुघरा, घुघरी, उमरियापान बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

### पेंटिंग, पोस्टर, बैनर के 1285 प्रकरणों पर भी हुई कार्यवाही

## 1023 अपराधियों के खिलाफ धारा 110 के तहत हुई कार्यवाही

**कटनी।** त्रि स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शांतिपूर्ण निर्विघ्न और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा गुंडेए बदमाश और आदतन



अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला सतत् जारी है। जिले में कुल 1023 आदतन अपराधियों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत कार्यवाही की गई है। जबकि 4450 प्रकरण शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले लोगों के विरूद्ध धारा 107 व धारा 116 के तहत कार्यवाही की गई है। जिले के अपराधों पर नियंत्रण और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने अपराधिक प्रवृत्ति एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश पहले ही जारी कर दिया था। अपर जिला दण्डाधिकारी रोमानुस टोप्पो ने बताया कि धारा 107 व 116 के तहत अब तक कुल 4450 प्रकरणों में से 2764 प्रकरणों में बंधपत्र निष्पादित किया गया है। वहीं 231 प्रकरणों मे बंधपत्र का उल्लंघन करने पर बंधपत्र जप्ती की कार्यवाही की गई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत कुल 1023 प्रकरण दर्ज किये गए जबकि 311 प्रकरणों में बंध पत्र निष्पादित किया गया और 181 प्रकरणों मे बंधपत्र उल्लंघन पर बंध पत्र जप्त किया गया। वहीं संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 508 दीवार लेखन 445 पोस्टरए 312 बैनर सहित 20 अन्य मामलों को मिलाकर कुल 1285 प्रकरणों में कार्यवाही की गई।

## शिव मंदिर से शिवलिंग चोरी

### एनकेजे बजरिया क्षेत्र की घटना, लोगों में आक्रोश




**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत प्रीमीयर फैक्ट्री के सामने स्थित शिव तंदिर से शिवलिंग चोरी जाने की घटना प्रकाश में आई है। मंदिर से शिवलिंग चोरी जाने से क्षेत्र में आक्रोश है। शिवलिंग चोरी जाने की सूचना पुलिस को दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह जब श्रृद्धालु मंदिर पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर से शिवलिंग गायब मिला। बताया जाता है कि शिवलिंग को अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया है। पुलिस क्षेत्रवासियों की सूचना पर अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

## अवैध नकदी, शराब वितरण पर कार्यवाही हेतु उडनदस्ते दल का गठन

**कटनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रदेश मे नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2022 की घोषणा की गई है जिसके तहत नगरपालिक निगम महापौरए नगर पालिका परिशद एवं नगर परिषदों के पार्षद का निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु उडनदस्ते का गठन नगर निगम एवं नगर परिषद सीमा में अवैध नकदी का आदान प्रदानए शराब का वितरण या कोई अन्य संदेहास्पद वस्तु जो मतदाताओं को घूस लेनें संबंधी अन्य वस्तु का पता लगाने हेतु उडनदस्ते का गठन किया गया है। गठित कमेटी मे नगर निगम कटनी के वार्ड क्रमांक 01 से 22 तक नायब तहसीलदार श्रीमति हेमांग प्रिया श्रीवास्तव को कार्यपालिक अधिकारीए वार्ड क्रमांक 23 से 45 तक नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा को कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया जाकर दल में अन्य अधिकारियों कर्मचारियों एवं वीडियोग्राफर को नियुक्त किया जाकर दायित्व सौपे गए है। नगर परिषद विजयराघवगढ के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पटैल को कार्यपालिक दण्डाधिकारीए नगर परिषद कैमोर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास संतोश अग्रवालए नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक नायब तहसीलदार चन्द्रपाल इनवाती को कार्यपालिक दण्डाधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं वीडियोग्राफर नियुक्त किया जाकर के दल का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार गठित उडनदस्ते के दल प्रभारी अधिकारी अपनी दल की रिपोर्टिंग संबंधित नगर निगमए नगर परिषदों के आफिसर को देते हुए आदर्श आचरण संहिता तथा उसके उल्लंघन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने तथा उडनदस्ते के प्रधान के रूप मे अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों जैसे काल सेंटरए रिटर्निंग आफिसरए जिला निर्वाचन अधिकारीए पुलिस अधीक्षक को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

## संगठन को मजबूत बनाने एवं प्रगति पर जोर



### मप्र अग्रवाल महासभा जिला इकाई की बैठक

**कटनी।** मप्र अग्रवाल महासभा द्वारा जिले के तीनों इकाइयों की संयुक्त बैठक अग्रवाल भवन धर्मशाला में जिलाध्यक्ष पवन मित्तल के मुख्य आतिथ्य, मप्र अग्रवाल महासभा जिला कटनी इकाई के युवा अध्यक्ष वैभव अग्रवाल की अध्यक्षता संपन्न हुई। मीटिंग में समाज की प्रगति और विकास के लिए कई विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पवन मित्तल ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को सदस्य बनाने के लिए अव्हान किया। कटनी जिले के अंतर्गत सभी अग्रवाल परिवारों की जनगणना करने के लिए भी बात कही गई है। 1 जुलाई को जगत के स्वामी जगन्नाथ जी महाराज की रथ यात्रा में स्वागत करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में पवन मित्तल, मुरली मनोहर प्रांतीय उप मंत्री, स्वामी प्रसाद अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, अनंतराम अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल महिला इकाई अध्यक्ष, श्रीमती समीक्षा अग्रवाल महिला सचिव, श्रीमती रीता अग्रवाल कोषाध्यक्ष, श्रीमती राजू अग्रवाल प्रथम उपाध्यक्ष, श्रीमती उमा अग्रवाल कोषाध्यक्ष, श्रीमती अलका अग्रवाल प्रचार मंत्री, वैभव अग्रवाल युवा जिला अध्यक्ष, आदित्य प्रकाश अग्रवाल युवा जिला सचिव, कमलकांत विक्की बाबू युवा कोषाध्यक्ष, आशीष अग्रवाल प्रथम उपाध्यक्ष, चंचल अग्रवाल द्वितीय उपाध्यक्ष, अंकित अग्रवाल मंत्री, हर्षित अग्रवाल उप मंत्री, शैलेश अग्रवाल, हर्षवर्धन अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही।

## सिनेमा घर और नगरीय निकाय के वाहनों से होगा जिंगल्स का प्रसारण

**कटनी।** मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए जिंगल्स का प्रसारण नगरीय निकायों के वाहनों में लगे ध्वनि यंत्रों के माध्यम से कराने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गए हैं। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने कहा है कि सिनेमा घरोंए नगरीय निकाय के फेसबुक पेज और व्हाट्सऐप ग्रुप में भी जिंगल्स प्रसारित किये जा सकते हैं।

## अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को भी करें वर्गीकृत

**कटनी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन आधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन में प्रतीकों के आवंटन में अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को भी वर्गीकृत किया जाये। राज्यीय दल जो अन्य राज्य में मान्यता प्राप्त हैए उनकी मान्यता के आधार पर उनके निर्वाचन प्रतीक सुरक्षित रखे गए हैं। श्री सिंह ने कहा है कि सभी जिलों को निर्वाचन सामग्री के साथ राष्ट्रीय दलों एवं अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के चुनाव चिन्हों का चार्ट उपलब्ध कराया गया है। प्रतीक आवंटन के लिए आईईएमएस में भी तदनुसार प्रावधान किया गया है।

## अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को भी करें वर्गीकृत

**कटनी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन आधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन में प्रतीकों के आवंटन में अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को भी वर्गीकृत किया जाये। राज्यीय दल जो अन्य राज्य में मान्यता प्राप्त हैए उनकी मान्यता के आधार पर उनके निर्वाचन प्रतीक सुरक्षित रखे गए हैं। श्री सिंह ने कहा है कि सभी जिलों को निर्वाचन सामग्री के साथ राष्ट्रीय दलों एवं अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के चुनाव चिन्हों का चार्ट उपलब्ध कराया गया है। प्रतीक आवंटन के लिए आईईएमएस में भी तदनुसार प्रावधान किया गया है।

## स्ट्रांग रूम में विद्युत व्यवस्था करानें के निर्देश

**कटनी।** त्रि.स्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन वर्ष 2022 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मतदान तीन चरणों मे 25 जून 2022ए 01 जुलाई 2022 व 08 जुलाई 2022 को होना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानय निर्वाचन नें रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर कटनीए रीठीए बडवाराए बहोरीबंदए ढीमरखेडाए विजयराघवगढ जिला कटनी को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी स्थान तथा स्ट्रांग रूम में विद्युत व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

## स्ट्रांग रूम में लगेंगे सीसीटीव्ही कैमरे



**कटनी।** पंचायत निर्वाचन में जिन विकासखंडों में मतगणना की अनुमति दी गई हैए वहाँ पर मतपेटी को रखने के लिए बनाए गए अस्थाई स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के निर्देश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं। नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन के लिए बनाए गए स्थाई स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 19 से
12.30 एवं 9.30 बजे से




इत्तु सी बात
कलाकार- गायत्री भारद्वाज, रवि चौहान, धीरज गौतम, फरीदा जलाल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 19 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं 10 बजे से




भूलभुलैया-2
कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, तब्बू, राजपाल यादव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 19 से
दोपहर 3.30 एवं 6.30 बजे से




NIKAMMA
निकम्मा
कलाकार- अभिमन्यु दासानी, शिल्पा शेट्टी, समीर सोनी, अभिमन्यू सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 8 शो ता. 24 से
12,1, 3, 4, 6,7,9 एवं रात्रि 10 बजे से




जुग जुग जियो
कलाकार- वरुण धवन, कियारा आडवानी, अनिल कपूर, नीतू कपूर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, सोमवार, 20 जून 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# भारी गहमागहमी के बीच स्कूटनी

## महापौर पद के सभी 14 नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए





### अब 22 जून को नामांकन वापसी के बाद साफ होगी महापौर चुनाव की तस्वीर

**कटनी।** नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत आज सोमवार को कलेक्टर परिसर स्थित रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय में महापौर एवं सभी 45 वार्डो से दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच की गई। स्कूटनी के दौरान कलेक्ट्रेट में भारी गहमागहमी रही।

सुबह से ही महापौर एवं नगर निगम के सभी 45 वार्डों में उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों की उपस्थिति रही। जानकारी के मुताबिक महापौर पद के लिए 18 जून को अंतिम समय सीमा तक दाखिल किए गए सभी 14 उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए हैं। महापौर पद के नामांकन पत्रों के वैध होने के बाद अब 22 जून को होने वाली नाम वापसी पर सभी की नजरें टिकी हुई है। नाम वापसी के बाद ही नगर निगम महापौर चुनाव की तस्वीर साफ हो पाएगी। जानकारी के मुताबिक दोपहर साढ़े 12 बजे तक नगर निगम के वार्ड क्रमांक 1 एक से लेकर वार्ड क्रमांक 15 तक के सभी वार्डों से दाखिल किए गए 200 से ज्यादा नामांकन पत्रों की जांच की जा चुकी थी और किसी भी नामांकन पत्र को निरस्त नहीं किए गए जाने की खबर थी। इसके बाद वार्ड क्रमांक 16 से वार्ड क्रमांक 30 तक के नामांकन पत्रों की जांच की जा रही थी। विदित हो कटनी नगर निगम में महापौर पद एवं सभी 45 वार्डों में आगामी 13 जुलाई को दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे।

### बुधवार को होगी नाम वापसी

उम्मीदवारी से नाम वापस बुधवार 22 जून की दोपहर 3 बजे तक लिये जा सकेंगे। उम्मीदवारी से नाम वापस लेने के लिए अभ्यर्थी को प्रारूप-6 में रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। नाम वापसी का आवेदन या तो अभ्यर्थी द्वारा स्वयं या उसके द्वारा इसके लिए लिखित रूप से प्राधिकृत किये जाने पर उसका प्रस्तावक या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है, लेकिन आवेदन अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। नाम वापसी की सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद निर्वाचन लड़ रहे उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार की जायेगी तथा प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जायेगें। कटनी नगर निगम की बात करें तो महापौर पद के लिए 14 नामांकन जमा किए गए हैं, जो कि सभी वैध पाए गए हैं। अब नाम वापसी पर सभी की नजरें हैं। नाम वापसी के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि महापौर पद के लिए कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।



# वृक्षारोपण के लिए कराए गड्ढे मजदूरी मांगी तो भगा दिया

### बरसते पानी में मजदूरी के लिए पूरी रात वन विभाग के दफ्तर के बाहर बैठे रहे मजदूर

**कटनी।** वन विभाग के एक अधिकारी द्वारा काम कराए जाने के बाद मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। मजदूरों ने अपनी आप बीती कहते हुए बताया कि मजदूरी के लिए बड़वारा बुलाया गया। पूरी रात पानी में भीगकर अधिकारी का इंतजार करते रहे लेकिन न तो अधिकारी आए और न ही मजदूरी मिली। अब मजदूरों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के साथ ही वन विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाते हुए मजदूरी का भुगतान कराए जाने की मांग की है। मजदूरों से मिली जानकारी के मुताबिक बड़वारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग 20 मजदूरों से वृक्षारोपण के लिए गड्ढे खुदवाए गए। काम पूरा करने के बाद जब मजदूरों ने अपनी मजदूरी मांगी तो उन्हें वहां से दुत्कार कर भगा दिया गया। मजदूरों ने बताया कि विजयराघवगढ़ के ग्राम बसौंधा में काम कराया गया था। सभी मजदूर उमरियापान के ग्राम गौंडा से आये थे। अब उनके पास घर वापस जाने तक के लिए पैसे नही है। बड़वारा वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर एम पी द्विवेदी द्वारा उनको मजदूरी के लिए लाया गया था लेकिन आज तक उनको एक रुपये मजदूरी नहीं मिली। गत दिवस रेंजर द्वारा वन विभाग बड़वारा कार्यलय भी बुलाया गया, इसके बाबजूद गरीब मजदूर पानी में भीगते हुए रात भर इंतजार करते रहे, लेकिन डिप्टी रेंजर एम पी द्विवेदी द्वारा भुगतान नही किया गया। मजदूरों ने उच्च अधिकारियों से मजदूरी दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# 55 मरीजों की जांच, 5 का होगा नेत्र ऑपरेशन



श्री कृष्ण वृद्धाश्रम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**कटनी।** श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 55 मरीजों के आंखों की जांच कराई गई, जिसमें 5 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा। गीता चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम के हाल में कल रविवार की सुबह 9 बजे से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ शैफाली गुप्ता एवं नेत्र सहायक डॉ शैलेंद्र गौतम, संजय कुमार द्वारा मशीनों से मरीजों की जांच की गई। जांच के दौरान 55 से अधिक मरीजों का परीक्षण हुआ। इसमें 5 मरीजों को मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें अगले रविवार को ऑपरेशन के लिए जीजी नर्सिंग होम बरगवां भेजा जाएगा, जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन होगा। इस मौके पर दद्दा जी शिष्य मंडल कटनी के सदस्य उपस्थित रहे।

### मानव सेवा ही चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य

ट्रस्ट की चेयरमैन डॉ शैफाली गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा ही परमात्मा की सच्ची सेवा है। मानव सेवा से ही समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव है। इसी उद्देश्य को लेकर गीता चैरिटेबल ट्रस्ट कई वर्षों से लोगों के नि:शुल्क आंखों के ऑपरेशन करवाता है और करीब 1300 लोगों के आंखों के ऑपरेशन ट्रस्ट की ओर से करवाए जा चुके हैं। जिसका ट्रस्ट सारा खर्च उठाता है। उन्होंने बताया शिविर में चिन्हित 5 लोगों की आंखों के ऑपरेशन अगले रविवार को किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम में रहने बाले बुजुर्गों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन मेरे द्वारा हमेशा नि:शुल्क किया जाएगा।

### मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं

शिविर के समापन अवसर पर श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम समिति की ओर से आभार व्यक्त करते हुए पंडित नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है और नेत्र ज्योति प्रदान करना ईश्वरीय कार्य है। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि गीता चैरिटेबल ट्रस्ट इतनी बड़ी संख्या में लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने का कार्य करता है, इसके लिए उन्होंने डॉ शैफाली गुप्ता एवं ट्रस्ट के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरुभाइयों की उपस्थिति रही।



# निर्यापक मुनि वीर सागर महाराज का मुनि संघ के साथ जबलपुर गमन

### पिपरौंध जैन मंदिर में किए दर्शन, चमत्कारोदय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद में अल्प प्रवास

**कटनी।** परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर जी महाराज एवं मुनि संघ का ग्रीष्मकालीन वाचना शिविर के पश्चात कटनी से जबलपुर के लिए बिहार हो गया। इस अवसर पर कल रविवार की प्रातः मुनि संघ की आहार चर्या सुभाष चंद्र जैन एवं शुभम जैन के झिंझरी स्थित फार्म में संपन्न हुई। इसके पश्चात मुनि संघ ने पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन के ग्राम पिपरौंध स्थित फार्म हाऊस में में रात्रि विश्राम किया एवं आज सोमवार की प्रातः पिपरौंध स्थित जैन मंदिर में दर्शन के उपरांत मुनिसंघ की आहार चर्या तेवरी में संपन्न हुई। इस अवसर पर पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री डॉ. संदीप जैन ने बताया कि मुनि संघ अतिशय क्षेत्र चमत्कारोदय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद में अल्प प्रवास के बाद शहपुरा भिटौनी की ओर प्रस्थान करेंगे। चमत्कारोदय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद के पदाधिकारी सुभाष जैन, प्रेमचंद प्रेमी, प्रमोद जैन कक्का, मगन जैन, शरद जैन पाटन, पंचायत महासभा के पदाधिकारी अजित सिंघई, विनी जैन, शरद सरावगी, मोनू जैन के साथ समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा मुनि संघ को श्री फल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

### लिटिल स्टार फाउण्डेशन द्वारा कथक नृत्य प्रशिक्षण का आयोजन 24 से

**कटनी।** शहर में पहली बार प्रतिभाओं को कथक नृत्य की बारीकियां सीखने का अवसर मिल रहा है। लिटिल स्टार फाउण्डेशन के सहयोग से उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी



मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा बारडोली में पहली बार लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम हिरवारा में ख्यातिलब्ध नृत्य गुरु नीलांगी कलंतरे के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में दस दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला एवं प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया जा रहा है। संभावना कथक कार्यशाला आगामी 24 जून से 3 जुलाई तक प्रातः साढ़े 10 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक संचालित होगी। उक्त निःशुल्क कार्यशाला में किसी भी उम्र के प्रशिक्षु भाग लेकर शास्त्रीय कथक नृत्य का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही कार्यशाला के समापन समारोह में गुरु के साथ प्रस्तुतिकरण के अवसर का लाभ ले सकते हैं। लिटिल स्टार फाउण्डेशन ने सभी से इस कार्यशाला में भाग लेने का अनुरोध किया है।

# शहर की नवोदित प्रतिभाओं ने जबलपुर में बिखेरा नृत्य का जलवा



### खनक संस्था द्वारा आयोजित मचाए धमाल में रॉकिंग डांस क्लासेस के छात्रों ने मचाई धूम

**कटनी।** खनक संस्था जबलपुर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता मचाए धमाल में कटनी शहर की उभरती हुई प्रतिभाओं ने अपने नृत्य का जलवा बिखेरा। इस प्रतियोगिता में रॉकिंग डांस क्लासेस के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कटनी जिले का नाम रोशन किया। इस कॉम्टीशन में शहर के युवा कोरियोग्राफर तरुण ठाकुर और उनकी क्लास रॉकिंग डांस क्लासेज के बच्चों ने भाग लिया, जिसमे क्रमशः फर्स्ट प्राइज स्नेहा झारिया, सेकंड प्राइस अनिका जैन, थर्ड प्राइस पीहू अग्रहरी तथा जूनियर वर्ग में प्राची राय ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कटनी शहर का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न शहरों नागपुर, बिलासपुर, रायपुर, बनारस, प्रयागराज से बड़ी संख्या में प्रतियोगी आए थे। बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शहर के बच्चों ने परचम लहराया और वहां विजय प्राप्त की। बच्चों की इस सफलता पर खनक संस्था जबलपुर द्वारा तरुण ठाकुर को बेस्ट कोरियोग्राफर के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। बच्चों ने बताया कि हम कटनी शहर का नाम टीवी में आने वाले डांस शो में भी करना चाहते हैं, जिसके लिए हम दिन रात प्रैक्टिस करते हैं और एक न एक दिन हम जरूर पहुंचेंगे। रॉकिंग डांस क्लासेस के छात्र स्नेहा झारिया, प्राची राय, अनिका जैन एवं पीहू अग्रहरी की सफलता पर विधायक संजय पाठक, राजीव गांधी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आशीष सोनी, अनुराग जैन एवं विमल जैन ने बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दो साल पहले किया पंजीयन, अब तक नहीं मिला आयुष्मान कार्ड

### जालपा वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित किया गया था शिविर, महिलाओं ने कलेक्टर से शिकायत

**कटनी।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना में बड़ी लापरवाही सामने आई है। दो साल पहले आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविर लगाकर पंजीकृत किए गए लोगों के निवास पर अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं पहुंचा है। लोगों द्वारा इस संबंध में आंगनबाड़ी केन्द्रों में जानकारी लिए जाने पर भी कुछ नहीं बताया जा रहा। लोगों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का ध्यान इस ओर दिलाते हुए आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार जालपा वार्ड में जालपा मढ़िया के पास स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में दो वर्ष पहले शिविर लगाकर बड़ी संख्या में महिलाओं का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन किया गया था। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ने घर-घर जाकर महिलाओं को एकत्रित किया था लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी अभी तक महिलाओं के निवास पर आयुष्मान कार्ड नहीं पहुंचा है। महिलाओं ने इस संबंध में आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर पतासाजी की तो कोई जानकारी नहीं मिली। बताया जाता है कि इस दौरान पंजीयन कराने वाली महिलाओं का स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं मिला। अब महिलाओं ने जिले के कलेक्टर का ध्यान इस ओर दिलाते हुए आयुष्मान कार्ड का वितरण कराए जाने की मांग की है।



### जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल, उत्कृष्ट विद्यालय में होगा आयोजन

**कटनी।** संचालनालय आयुष विभाग के निर्देशानुसार आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मनाया जाना है। जिला स्तर पर कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में प्रातः 6 बजे से 8 बजे कराया जाना निर्धारित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण किया जावेगा। जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा नें आयोजित कार्यक्रम में टीवी स्क्रीन, साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था सहित स्कूल मे योग हेतु योग प्रशिक्षक एवं बैठक व्यवस्था आदि पूर्ण कराते हुए कार्यक्रम का सफल आयोजन करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया है।

## घंघरीकला स्कूल में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव



17 जून को नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर स्कूलों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में ईपीईएस शासकीय माध्यमिक शाला घंघरीकला में बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया एवं प्रयास पुस्तिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यपक श्रीमती ज्योति बर्मन, सुरेश कोल, कृष्णकांत पटेल, जगैया कनौजिया, श्रीमती नंदिनी सिंह, संध्या शुक्ला, रसोइया लक्ष्मी एवं अनीता की उपस्थिति रही।

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक,
कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 17th June 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200




Paytm
bookmyshow
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# अग्निपथ योजना के विरुद्ध आंदोलन के चलते रास्ते में फंसे यात्रियों के लिए पाँच स्पेशल ट्रेन चलाई

**जबलपुर यश भारत ।अग्निपथ योजना के विरोध में चल रहे अन्दोलन के चलते बीच रास्ते में फंसे यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा पाँच स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। जो कि पमरे के जबलपुर एवं भोपाल मण्डल से होकर गुजरेंगी।**



इस स्पेशल ट्रेनों की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों पर ठहराव की विस्तृत जानकारी निम्न है।
गाडी संख्या 07609 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय-पूर्णा स्पेशल ट्रेन दिनांक 19.06.2022 (रविवार) को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से रात्रि 21:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 03:40 बजे, कटनी 05:00 बजे, जबलपुर 06:30 बजे एवं इटारसी 10:35 बजे और तीसरे दिन प्रात: 03:30 बजे पूर्णा स्टेशन पहुँचेगी।
-रास्ते में यह गाडी प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, वरोरा, वानी, आदिलालाबाद एवं नांदेड स्टेशनों पर रुकेगी।
गाडी संख्या 02296 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय-केएसआर बेंगलुरु स्टेशन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 19.06.2022 (रविवार) को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से रात्रि 23:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 04:40 बजे, मैहर 05:08 बजे, कटनी 05:55 बजे, जबलपुर 07:35 बजे, नरसिंहपुर 08:48 बजे, पिपरिया 09:58 बजे, एवं इटारसी 11:40 बजे और तीसरे दिन 16:25 बजे केएसआर बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।
रास्ते में यह गाडी मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, घोराडोंगरी, बैतूल, नागपुर, सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्लारशाह, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाडा, ओंगल, नेल्लौर, गुडुर, पेरमबुर, अर्कोनम, काटपडी, जोलारपेट्टी, कुप्पम, बांगारपेट, कृष्णराजपुरम, बैंगलौर ईस्ट एवं बैंगलौर केंट स्टेशनों पर रुकेगी।
गाडी संख्या 02742 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय-वास्को डिगामा स्पेशल ट्रेन 8 दिनांक 19.06.2022 (रविवार) को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से रात्रि 21:50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 03:00 बजे, कटनी 04:25 बजे, जबलपुर 05:50 बजे एवं इटारसी 09:10 बजे और तीसरे दिन 10:30 बजे वास्कोडिगामा स्टेशन पहुँचेगी।
रास्ते में यह गाडी प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, पनवेल, चिपलून, रत्नगिरि, सावंतवाडी रोड, थिविम एवं मडगांव स्टेशनों पर रुकेगी।

**गाडी संख्या 02792 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन**

20.06.2022 (सोमवार) को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से सुबह 06:00 बजे प्रस्थान कर सतना 13:00 बजे, कटनी 14:20 बजे, जबलपुर 15:40 बजे एवं इटारसी 19:00 बजे और दूसरे दिन 11:30 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुँचेगी। रास्ते में यह गाडी वाराणसी, ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, सेवाग्राम, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, रामागुंडम एवं काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी।
गाडी संख्या 01034 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय-पूना स्पेशल ट्रेन 19.06.2022 (रविवार) को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से रात्रि 23:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन जबलपुर 07:45 बजे एवं इटारसी 11:10 बजे और तीसरे दिन 02:15 बजे पूना स्टेशन पहुँचेगी।रास्ते में यह गाडी प्रयागराज छिवकी, जबलपुर, इटारसी, खण्डवा, भूसावल, मनमाड एवं अहमदनगर स्टेशनों पर रुकेगी।

# अग्निपथ के नाम पर सेना भर्ती कोई युवा बर्दाश्त नहीं करेंगे

**कुंडम.बघराजी।** भारत सरकार ना जाने देश को किस दिशा में ले जा रही है इंडियन आर्मी भारतीय सेना में अब अग्निपथ के नाम से अग्नि वीरों की 4 वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति करने जा रही है सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है यह भारत की सुरक्षा से खिलवाड़ साथ ही युवाओं के भविष्य से भी बड़ा खिलवाड़ किया जा रहा है क्या भारत की आर्थिक स्थिति हालत इतनी खराब हो चुकी है अब भारतीय सेना मैं नियुक्ति के लिए अग्नीपथ योजना लानी पड़ी क्या है योजना अग्नि वीरों के लिए वाकई अग्नीपथ है युवाओं को खून के आंसू रुलाएगी ए योजना युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाना चाहती है सरकार। 7 साल में इस सरकार ने बेरोजगारी पैदा कर दी है कि देश का युवा कहीं भी कोई भी मजदूरी छोटा से छोटा काम करने के लिए तैयार है । साल सरकारी नौकरियों में तेल लगा कर अब युवाओं को अग्निपथ पर लाया जा रहा देश का एक सैनिक चौबीसों घंटे तलवार की धार पर चलता है उसके साथ अब क्या करना होगा एक क्षण का भरोसा नहीं होता ऐसी स्थिति में आकर युवाओं का जीवन सिर्फ खतरे में डालना है । साल तक सरकारी नौकरियां नंदन लगाकर सरकार ने इतना पैसा बचाया इसके बावजूद अब देश के युवाओं को अग्नि वीरो के नाम से चला जाएगा 4 साल सेना में नौकरी करने के बाद फिर वह नई नौकरी की तलाश करेगा सरकार कह रही है की नौकरियों में प्राथमिकता दी जाएगी अग्नि वीरों को आखिर 4 साल बाद वह कहां नई नौकरी ढूंढेगा देश की वर्तमान सरकार ने सारी सरकारी संस्थाओं को उद्योगपतियों के हवाले कर दिया बेच दिया मुझे लगता है सरकार धीरे धीरे भारतीय सेना मैं भी सेंधमारी कर रही है तरस आता है इस समय देश के हालात देखकर कितनी मनमानी पर उतारी है सरकार क्या युवाओं ने देश के लोगों ने यही दिन देखने के लिए सरकार को चुना था क्या यही है डिजिटल इंडिया स्किल इंडिया उक्त विचार मीडिया के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सोनी ने व्यक्त किए हैं उन्होंने यह भी कहा है अग्नीपथ योजना का घनघोर विरोध किया जाएगा देश की सुरक्षा भारतीय सेना से नया कोई समझौता कोई फार्मूला लागू करने नहीं दिया जाएगा चाहे इसकी जो भी कीमत दे चुकानी पड़े देश का युवा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा अब युवा अंधभक्त नहीं बना रहेगा।

# आसमां जब भी छूना चाहोगे, पर कतरने की साजिशें होगी



**जबलपुर-** साहित्य संगम संस्थान नई दिल्ली द्वारा शनिवार को जबलपुर की होटल दत्त रेजीडेंसी के सभागार में महाकाव्यमेध सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव के चतुर्थ सत्र में शाम 6 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका छाया सक्सेना प्रभु जी थीं ।इसमें देश के विभिन्न प्रान्तों के कवि कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का शानदार संचालन इंजीनियर विनोद नयन ने कहा आसमां जब भी चूना चाहोगे पर कतरने की साजिशें होंगी
भवानीमंडी राजस्थान के कवि डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित ने अपनी रचना -इंसानों के दिल मे बस इतना अभिमान, बाल कवयित्री शुभांगी शर्मा ने -नशे के कारोबार को बंद करवाइए, मनोज कुमार तिवारी,राजवीर सिंह मन्त्र शायर कविराज तरुण सक्षम लखनऊ ने अपनी शायरी अंदाज में गजल पडी-आंखों में गुमशुदा है जज्बात आज फिर से,काटे से न कटेगी ये रात फिर से सुनाकर तालियां बटोरी।छत्तीसगढ के कवि रामावतार निश्छल, गीतकार नवीन कुमार भट्ट नीर नेहिंदी के इस ज्ञान यज्ञ में आना बहुत जरूरी है। कहकर हिंदी का मान बढाते हुए राष्ट्र भाषा हिंदी के सम्मान में सुन्दर गीत की प्रस्तुति दी।रायसिंह निनामा, -कलियुगी असर है गलती हमारी थोडी ही है।कवि भरतलाल अग्रवाल , वरिष्ठ कवि चंद्रपाल सिंह ने-देशभक्ति के झूंठे गीत गाकर मन को न बहलाओ अन्याय अत्याचार पर अब आवाज, छगनलाल गर्ग विज्ञ सिरोही छाया त्रिवेदी ने अपनी कविता में जींवन जीने का मन्त्र शक्ति और संकल्प बताया उमा मिश्रा प्रीति ने हंसते हुए किसानों के लबों का गीत।डॉ. भावना दीक्षित ज्ञान श्री ने नर्मदा के तट पर, कवयित्री डॉ. रानू रही ने-ठान ही लिया उसने मेरा दिल दुखाने की फिर करूँ क्यों मैं कोशिश उसे मनाने की गायत्री ठाकुर नरसिंहपुर ने -मधुर मकरंद के जैसी सुहासित उपवन हो।बाल कवि वीनस श्रीवास्तव ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ ।

# पहली बारिश ने खोली पोल

## लाखों खर्च के बाद भी सड़कों पर भरा पानी

**सिहोरा- पहली मूसलाधार बारिश ने आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी। लाखों खर्च के बाद भी मुख्य मार्ग सहित गलियों में नालों का पानी सड़कों पर जमा हो गया। पानी की निकासी नहीं होने से सड़कों पर तालाब बन गए, जिसमें से ही राहगीरों को होकर गुजरना पड़ा।**



यह सब स्थिति बनी शुक्रवार दोपहर 4.10 बजे मूसलाधार बारिश से। नालों में जमा मलबे की उचित सफाई नहीं होने से पहली बारिश ने ही शहर में जल जमाव की स्थिति पैदा कर दी। वहीं बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत देते हुए मौसम को सुहाना बना दिया था।

**बारिस से सड़को पर मलवा**

पहली बारिश ने नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी । बाबाताल से ब्राह्मण पुरा जाने वाले मार्ग में शासकीय गोदाम के पास नाली चोक होने के कारण नाली का मलबा सड़क पर जमा हो गया इसी प्रकार मझौली बाईपास रोड में गुरुद्वारा के सामने वाली गली तालाब बन कर रह गई जिससे नागरिकों व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पैदल चलने वालों की स्थिति दयनीय हो गई थी। गली-मोहल्लों से भी पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी। नपा की सफाई व्यवस्था में लापरवाही का खामियाजा नगरवासियों को उठाना पड़ा।

**पालीवाल कॉलोनी प्रवेश द्वार बना तालाब**

**बरसाती पानी की निकासी नाले में मुरम भरी**

सिहोरा नगर मैं नई बसाहट वार्ड क्रमांक 12 के अंतर्गत आने वाली नगर की सबसे बड़ी कॉलोनी पालीवाल कॉलोनी का प्रवेश द्वार शुक्रवार की शाम प्री मानसून की बारिश में तालाब बन गया है कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका प्रशासक एवं एसडीएम को शिकायत देकर बरसाती पानी के निकासी नाले की खुदाई कराए जाने की मांग की है वार्ड निवासी अंकित तिवारी, अंशुमान अवस्थी, राजा पहारिया, अमन अग्रवाल, प्रकाश सिप्पी, सुनील द्विवेदी, शुभम श्रीवास्तव, शुभम द्विवेदी, शीतल दुबे, मिंटी तिवारी, संत कुमार गर्ग, सनिल यादव, छोटे चौबे ने नगर पालिका प्रशासन एवं एसडीएम आशीष पांडे को गुरुवार को शिकायत दी शिकायत में बताया गया कि खितौला मार्ग स्थित पालीवाल कॉलोनी में मूलभूत सुविधा पेयजल सड़क की कोई सुविधा नहीं है कॉलोनी के प्रवेश द्वार में एक नाला बना है इस नाले से बरसाती पानी की निकासी होती है प्रवेश द्वार के किनारे एक भवन निर्माण कर्ता ने नाले को मुरम भरकर बंद कर दिया है पानी निकासी बंद होने से बरसात का पूरा पानी प्रवेश द्वार में जमा होता है।

# प्रेमी ने किया प्रेमिका की लगन होने से पहले दूल्हा बनने वाले युवक का कत्ल : 2 आरोपी गिरफ्तार

**अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस की बडी कामयाबी**



**गाडरवारा( यश भारत )** विगत दिवस छोटी बाबई के पास रेलवे लाइन डाउन ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला । स्टेशन प्रबंधक सालीचौका की लिखित तहरीर पर थाना गाडरवारा में मर्ग क्रमांक 53/2022 कायम कर जांच में लिया गया । दौरान मर्ग जांच के अज्ञात मृतक का शव की पहचान धर्मेंद्र कहार निवासी सालीचौका के रूप में हुई । जो घटनास्थल पर पाए गए भौतिक साक्ष्य,मृतक को आई चोटो एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक धर्मेंद्र कहार निवासी सालीचौका की हत्या कर साक्ष्य छुपाने की दृष्टि से उसके शव को रेल्वे पटरी में रखना पाया गया । जो मर्ग जांच पर से थाना गाडरवारा में आरोपी प्रकाश कहार एवं गेंदा कहार दोनों निवासी पनागर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 560/2022 धारा 302,201,34 भा.द.वि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । जो दौरान विवेचना के वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मृतक के मोबाइल तथा संदेहीयान के मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी प्रकाश कहार निवासी पनागर को हिरासत में लेकर तकनीकी रूप से पूछताछ करने पर प्रकाश कहार ने बताया कि धर्मेंद्र कहार की मंगेतर से उसका प्रेम संबंध होने से धर्मेंद्र कहार की लगुन के एक दिवस पूर्व अपने साथी गेंदालाल कहार निवासी ग्राम पनागर के साथ मिलकर 12 जून की रात करीबन 10 बजे सालीचौका आकर मृतक धर्मेंद्र कहार को दोस्तों से मिलवाने की कहकर छोटी बाबई रेलवे पटरी किनारे ले जाकर लाठी एवं धारदार हथियार से मारपीट कर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के आशय से मृतक का शव रेल पटरी में डाल देना बताया । आरोपी प्रकाश कहार के मेमोरेंडम के आधार पर आरोपी की दुकान ग्राम पनागर में छुपा कर रखे हुए घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े समक्ष गवाहन जप्त किए गए । प्रकरण के गिरफ्तारशुदा आरोपी प्रकाश कहार से पूछताछ पर शेष फरार आरोपी गेंदालाल कहार को पुलिस टीम द्वारा दूधी नदी के किनारे से घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ पर आरोपी गेंदालाल कहार ने घटना दिनांक को अपने साथी प्रकाश कहार के साथ मिलकर धर्मेंद्र कहार की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के आशय से शव को पटरी पर डाल देना बताया,आरोपी गेंदालाल कहार के मेमोरेंडम के आधार पर मृतक धर्मेंद्र कहार का वीवो कंपनी का मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त लाठी समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस में ली गई । प्रकरण के आरोपीगण प्रकाश कहार पिता हल्कोरी कहार निवासी पनागर एवं गेंदालाल कहार पिता सुग्गा कहार निवासी पनागर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।
आरोपियों की गिरफ्तारी में रही मुख्य भूमिका आरोपी पतासाजी एवं गिरफ्तारी में पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजपाल सिंह बघेल ,उपनिरीक्षक हरिराम मानकर,उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल,सहायक उपनिरीक्षक राजेश शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक विजय पटेल,प्रधान आरक्षक आशीष मिश्रा,वरिष्ठ आरक्षक राजेंद्र पटेल,आरक्षक संतोष शर्मा ,बालकिशन रघुवंशी,ऐश्वर्य वेंकट,सुधांशु त्रिपाठी, पंकज रघुवंशी,सैनिक राजेश कौरव की मुख्य भूमिका रही है।

# फिनो पेमेंट्स बैंक ने शॉप इंश्योरेंस पॉलिसी प्रस्तुत करने के लिए गो डिजिट के साथ एक्सक्लुसिव साझेदारी की



**रीवा, एजेंसी।** फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (''फिनो बैंक'' या ''बैंक'') ने आज घोषणा करके बताया कि इसने छोटे व मध्यम व्यवसाय मालिकों को शॉप इंश्योरेंस पॉलिसी प्रदान करने के लिए भारत की सबसे तेजी से बढ़ती हुई सामान्य बीमा कंपनियों में से एक, गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के साथ साझेदारी कर ली है। फिनो ने गो डिजिट के एक कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में गठबंधन किया है।इस उत्पाद का लॉन्च रेवा में विशाल मेगा मार्ट में फिनो हमेशा के आऊटलेट में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। लॉन्च के कार्यक्रम में विष्णू सिंह, ज़ोनल हेड; धीरज सिंह, रिजनल हेड, प्रमोद मिश्रा क्लस्टर हेड एवं फिनो बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस गठबंधन द्वारा छोटे व मध्यम व्यवसाय किसी भी अनपेक्षित घटना के घटित होने पर डिजिट की माई बिज़नेस पॉलिसी का लाभ उठा सकेंगे। यह पॉलिसी एक साल के लिए वैध होगी और इसमें चोरी, भूकंप, आग, बिजली, तूफान, बाढ़, दंगों आदि से स्टॉक या इन्वेंटरी को होने वाले नुकसान को कवर किया जाएगा। इस पॉलिसी में इन-बिल्ट कवरेज जैसे मनी-इन-सेफ, मनी-इन-ट्रांज़िट आदि भी शामिल होंगे।छोटे एवं मध्यम व्यवसाय फिनो बैंक के मजबूत ग्राहक आधार और इसके सुस्थापित मर्चेंट नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# अच्छी शिक्षा छात्र के जीवन का आधार :उपाध्याय

**सिहोरा-** शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। पढ़ लिख कर ही बच्चे शिक्षा व विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। उक्त आशय की उद्गार विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय ने सी एम राइस पंडित विष्णु दत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे के मुख्य आतिथ्य मैं आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये उपाध्याय ने आगे कहा की अच्छी शिक्षा ही छात्र के जीवन के विकास का आधार होती है जिसके बलबूते ही छात्र अपने जीवन में सफलता की नयी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते है ।उल्लेखनीय है की एक लंबे ग्रीष्मावकाश के बाद 17 जून से पुनः शिक्षा के मंदिर गुलजार होने जा रहे हैं। नौनिहालों के आगमन से विकासखंड के विद्यालयों में शिक्षा के चमन फिर से खिल उठेंगे जिसकी पूर्व तैयारी शासन प्रशासन व विभागीय स्तर पर पूर्ण हो चुकी है। जिसके तहत आज नवागत छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिला कर उनका तिलक वंदन से स्वागत करते हुए स्कूलों में विकासखंड व संकुल स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया । शाला प्रवेश उत्सव के इस पुनीत कार्य के उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा, रवि प्रकाश मिश्रा,अमित जैन,प्रखर गुप्ता,अमित श्रीवास्तव, नरेन्द्र दुबे,रमेश नापित,पूनम विश्वकर्मा, अशोक पटैल, निधि शुक्ला, मनीषा खरे, टीना सिंह ,अशोक तिवारी,राकेश सोनी,संदीप सोनी आदि सहभागी व साक्षी बनें। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमखिरिया में मनाया गया प्रवेशोतसव संस्था मे प्राचार्य श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन मे नवागत छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक एवं मिष्ठान्न खिला कर समस्त शिक्षकों के द्वारा किया गया। उपस्थित अभिभावकों एवं ग्राम के प्रबुद्ध जनों से शत प्रतिशत छात्रों को शाला मे नामांकित करा उन्हें नियमित स्कूल भेजने का आह्वान संस्था के समस्त कर्मचारियों द्वारा किया गया। सदानंद सरस्वती महाराज का आगमन आज सिहोरा- शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद जी के शिष्य दांडी सन्यासी श्री शारदा पीठम द्वारका पूज्य श्री सदानंद सरस्वती महाराज का आज शनिवार को श्रीराम जानकी मंदिर ग्रांम बुधुआ सिहोरा में प्रातः 9 बजे आगमन हो रहा है । समस्त भक्तों से बुधुआ पहुचकर महाराज श्री का आशिर्वाद प्राप्त करने की अपील मंदिर समिति ने की है । महाराज श्री के बुधुआ जाते समय खितौला रेलवे फाटक पहुचने पर मझंगवा एंव उमरियापान तिराहा पर शिष्यों द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत करने के साथ आशिर्वाद प्राप्त किया जायेगा

# कल मनाया जाएगा योग महोत्सव

**जबलपुर।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन कचनार क्लब, विजय नगर जबलपुर में 15 जून से निशुल्क संचालित किया जा रहा है। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा योग साधकों को निशुल्क परामर्श दिया जा रहा है जिसका समापन कल 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर योग महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रहेंगे। शासन के निर्धारित प्रोटोकाल पर ।अधारित योग के अलावा दैनिक जीवन में स्वास्थ्य को निरोगी कैसे रखें, हमारा खान पान कैसे होना चाहिए एवं दैनिक दिनचर्या कैसी होनी चाहिए इस विधा से जुड़े विशेषज्ञों के द्वारा निशुल्क परामर्श भी प्रदान किया जावेगा।

# आईआईएफएल फाईनेंस ने सभी ग्राहकों के लिए गिफ्ट के साथ 'गोल्ड लोन मेला' लॉन्च किया




**एजेंसी।** भारत की सबसे बडी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने 15 जून, 2022 से 30 जुलाई, 2022 के बीच सभी ग्राहकों के लिए 'गोल्ड लोन मेला' के साथ गोल्ड लोन पर आकर्षक ऑफर प्रस्तुत किए हैं। ग्राहकों को दिए जाने वाले पुरस्कारों में एक दंपत्ति के लिए लग्जरियस अंतर्राष्ट्रीय ट्रिप शामिल है। इसके अलावा 45 दिन की इस अवधि में भारत में आईआईएफएल फाईनेंस की 2400 से ज्यादा गोल्ड लोन शाखाओं से गोल्ड लेने वाले हर ग्राहक को निश्चित उपहार दिए जाएंगे।''गोल्ड लोन मेला ऑफर' के लॉन्च के बारे में श्री अनुराग यादव, जोनल हेड, गोल्ड लोन, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा, ''आईआईएफएल गोल्ड लोन अपने पारदर्शी व्यवहार और सर्वश्रेष्ठ दर पर गोल्ड लोन के साथ भारत में लाखों ग्राहकों का दिल जीत चुका है। अर्थव्यवस्था और व्यवसाय में सामान्य स्थिति बहाल होने के साथ हम सभी ग्राहकों के प्रति अपना आभार प्रदर्शन करने के लिए उन्हें अपने 'गोल्ड लोन मेला' ऑफर में करोडों रुपये के उपहार प्रदान कर रहे हैं।''आईआईएफएल फाईनेंस के ब्रांड एम्बेसडर, रोहित शर्मा के चित्रण वाले आकर्षक उपहारों के अलावा आईआईएफएल फाईनेंस केवल 5 मिनट में लोन की तीव्र प्रोसेसिंग की प्रतिबद्धता के साथ सबसे कम ब्याज दर और सर्वाधिक लोन राशि एवं आसान डिजिटल भुगतान के विकल्प प्रस्तुत कर रहा है।

# अब जबलपुर को निरंतर दिया जाएगा बड़े आयोजनों का अवसर



राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ की 50वी कार्यकारिणी बैठक

**जबलपुर ।** राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ कि 50वी राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 19 जून 2022 को स्थानीय विजन महल होटल जबलपुर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ अस्थि रोग चिकित्सक डॉ जीतेन्द्र जामदार व विशिष्ठ अतिथि विधायक श्री अशोक रोहाणी राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन अजमानी जीव पंजाबी महासंघ जबलपुर के अध्यक्ष इन्द्र मोहन भाटिया ने दीप प्रज्वलित किय। उपरोक्त कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारतवर्ष से आये पंजाबी महासंघ के प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए डॉ जामदार ने कहा कि यह बैठक निश्चित ही पंजाबी समाज के लिए एवं राष्ट्रीय एकता अखंडता व राष्ट्र निर्माण के लिए सार्थक कदम सिद्ध होगा। रांची (झारखण्ड) से आये राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुलशन अजमानी जी ने अपने स्वागत भाषण में पंजाबी महासंघ जबलपुर द्वारा किये जा रहे कार्यों कि जमकर तारीफ कि और आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आयोजनों का अवसर अब जबलपुर को निरंतर दिया जाएगा। अगले वर्ष 2022 2023 का राष्ट्रीय बैसाखी मेला भी जबलपुर में किये जाने कि संभावना जताई।आयोजन समिति के जबलपुर के सचिव राजेश भाटिया ने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण वर्षा का विषय महिला सशक्तिकरण एवं अल्पकाल में विधवा बच्चियों के पुनर्विवाह को समाज में प्राथमिकता से किये जाने पर विस्तृत चर्चा व निर्णय लिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष (यूथ विंग) नितिन माटिया ने बहुप्रतीक्षित यूथ विंग की राष्ट्रीय कार्यकारिणों कि सूची घोषणा की। पंजाबी महासंघ जबलपुर एवं जोन क्रमांक 01 के अध्यक्ष इन्द्र मोहन भाटिया ने इस बैठक को जबलपुर के लिए व पंजाबी समाज कि एकता, अखंडता एवं विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बैठक में समाज के युवक युवतियों के आपस में बातचीत के लिए पंजाबी भाषा का अधिकतम इस्तेमाल करने व बच्चों के लिए इसकी अधिक से अधिक निःशुल्क पंजाबी स्पिकिंग क्लासेस पूरे देश में चालू किए जाने की बात पर और दिया।बैठक के दौरान पंजाबी महासंघ जबलपुर व जबलपुर जोन क्रमांक 01 के सम्मानीय सदस्यों के साथ नागपुर, रायपुर, भोपाल, रांची, आगरा, अलवर, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, सूरत एवं अंबाला से जबलपुर पधारे पंजाबी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संचालन राकेश महाजन व ी अरविन्द नैयर ने आभार प्रदर्शन किया इस बैठक में जबलपुर के प्रतिनिधि के रूप में राकेश कोहली , प्रवीण गुलाटी , पुनीत गुलाटी , निखिल पाहवा ,राजेश चंडोक जी, रिकू विज , विनोद वधवा , पवन शर्मा , अशोक वाधवा जो, वरुण नैयर जी, अमन शर्मा , कौशल सूरी . किरण मल्होत्रा . अतुल अरोरा . निर्मल राज भाटिया . संजय चड्ढा , कुलदीपक कोहली गीता वाला . एकता नैयर . नीता नारंग . नम्रता भाटिया . पवन इसवाल, दीपक .क्राति अरोरा डा. बी. के डाग , दीपक लाला धीरज सभरवाल ी, मनीष पोपली जी आदि कि उपस्तिथि प्रमुख रही।

# विवाह के पूर्व ब्लड टेस्ट करवाएं ताकि भविष्य में इन बीमारियों की रोकथाम हो सके : सांसद



**इंदौर, (एजेंसी)।** विश्व सिकल सेल डे पर रविवार को सिकल सेल एनीमिया पर एक राष्ट्रीय सेमिनार इंदौर में ग्रेटर ब्रजेश्वरी स्थित एडवांस्ड इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंस द्वारा आयोजित किया गया। एडवांस होम्यो-हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च सेंटर तथा आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधन में हुए इस सेमिनार में शामिल हुए अतिथियों एवं वक्ताओं ने अपने विचार रखें।सेमिनार की शुरुआत सुबह 10.30 बजे हुई। मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी, विशिष्ट अतिथि डॉ. एसके मिश्रा प्राचार्य शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल, विशेष अतिथि श्री एके तिवारी ( अनुसंधानकर्ता, आरआरकेट) एवं डॉ. डीएनके मिश्रा प्राचार्य शिवांग होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज भोपाल, थे। सेमिनार के मुख्य वक्ता में मनोचिकित्सक डॉ. वैभव चतुर्वेदी अस्सिटेंट प्रोफेसर इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर, डॉ. संतोष शर्मा ( वरिष्ठ एलेपैथी चिकित्सक) एवं पूर्व महापौर डॉ. उमाशशि शर्मा (आयुर्वेद चिकत्सक) थे। अध्यक्षता होम्योपैथिक चिकित्सक एवं केंद्रीय होम्योपैथिक अनुशधान परिषद (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी ने की। सेमिनार को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सिकल सेल को लेकर जागरूक होना पड़ेगा। मैंने शहर में सिकल सेल एनीमिया तथा थैलेसिमिया, अप्लास्टिक एनीमिया इत्यादि रक्त जनित बीमारी के लोगों को ब्लड के लिए परेशान होते हुए देखा है। इसके बाद लोकसभा में भी मैंने इस संबंध में बात उठाई थी। मेरे द्वारा लोकसभा में कहा गया था कि विवाह के पूर्व ब्लड टेस्ट (सिकल सेल तथा थैलासिमिया) करवाया जाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। ताकि भविष्य में इन बीमारियों की रोकथाम हो सके इसपर कार्यवाही की जा रही है।डॉ. संतोष शर्मा ने सिकल सेल को लेकर कहा कि यह एक जैनेटिक बीमारी है जो जिन्स के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी आती है। इसलिए आज इस बीमारी का प्रीवेंशन रोकना होगा। हमारे बीच में इसके कैरियर बहुत है। डॉ. शर्मा ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जिसे होता है उसके साथ ही परिजनों को भी उसकी केयर में लगे रहना पड़ता है। इन सबके बीच पीडि़त के साथ परिवारवाले भी परेशान रहते हैं। डॉ. उमाशशि शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि सिकल सेल एनीमिया में पीडि़त व्यक्ति में आक्सिजन की कमी से जुझता है। लेकिन प्राणायम के माध्यम से आक्सिजन लेवल को बढ़ाया जा सकता है और आक्सिजन लेवल बढ़ता है तो इससे एनीमिया को कंट्रोल किया जा सकता है। इसलिए प्राणायम करें और स्वस्थ्य रहें। वहीं आक्सिजन के लिए पेड़-पौधे जरूरी है इसलिए पौधारोपण करें।